कांच उद्योग विकास केंद्र (CDGI)

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार

A-1/1, औद्योगिक क्षेत्र, जलेसर रोड, फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश – 283203

वेबसाइट: www.cdgiindia.net | ई-मेल: cdgifzbd@gmail.com

विज्ञापन / ADVERTISEMENT

परियोजना / संविदा आधार पर जनशक्ति की अस्थायी नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

विज्ञापन संख्या	CDGI/ADMN/02/2026-27	**दिनांक**	07/11/2026
कार्य का नाम	परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी	**आवेदन की अंतिम तिथि**	20/11/2026

कांच उद्योग विकास केंद्र (CDGI), फिरोजाबाद द्वारा परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी (**Ambient Air Quality Monitoring**) के अंतर्गत निम्नलिखित पदों पर योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। नियुक्ति/तैनाती की प्रक्रिया लागू नियमों एवं स्वीकृत व्यवस्था के अनुसार की जाएगी।

1. रिक्त पदों का विवरण

क्र. सं.	पद का नाम	श्रेणी	पदों की संख्या	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	वांछित कौशल/अनुभव	तैनाती का स्थान
1.	प्रदूषण निगरानी समन्वयक (Pollution Monitoring Coordinator)	कुशल/उच्च-कुशल	01 (एक)	B.Sc. (विज्ञान) अथवा इंजीनियरिंग में डिप्लोमा अथवा समकक्ष तकनीकी योग्यता।	MS Word, Excel एवं PowerPoint सहित MS Office का अच्छा ज्ञान; विद्युत/यांत्रिक उपकरणों एवं प्रदूषण निगरानी का ज्ञान; प्रयोगशाला/रासायनिक विश्लेषण, डेटा संकलन एवं रिपोर्टिंग की क्षमता।	CDGI, फिरोजाबाद; मैनपुरी, इटावा एवं फिरोजाबाद के कुल 08 निगरानी स्टेशनों का समन्वय।

2. कार्य एवं दायित्व, नियुक्ति की प्रकृति एवं अवधि, पारिश्रमिक

क्र. सं.	विषय	विवरण
1.	कार्य एवं दायित्व	1. मैनपुरी एवं इटावा के 05 तथा फिरोजाबाद के 03 मौजूदा स्टेशनों सहित कुल 08 परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों की गतिविधियों का समन्वय करना। 2. फील्ड मॉनिटरिंग असिस्टेंट्स के साथ समन्वय, कार्य-कार्यक्रम की निगरानी तथा नमूनों एवं अभिलेखों का समयबद्ध संकलन/प्रेषण सुनिश्चित करना। 3. निर्धारित प्रक्रियाओं एवं निर्देशों के अनुसार नमूनों का रासायनिक विश्लेषण/प्रयोगशाला परीक्षण करना अथवा उसमें सहायता करना। 4. निगरानी डेटा, प्रयोगशाला परिणाम, रजिस्टर एवं सहायक अभिलेखों का संकलन, सत्यापन एवं रख-रखाव करना। 5. आवधिक निगरानी रिपोर्ट एवं परियोजना संबंधी अन्य दस्तावेज तैयार करना तथा प्रस्तुत करने में सहायता करना। 6. उपकरणों की नियमित जांच, अंशांकन/रखरखाव के समन्वय तथा रसायन, फिल्टर पेपर एवं अन्य उपभोग्य सामग्री की उपलब्धता/अभिलेख का समन्वय करना। 7. CDGI द्वारा सौंपे गए परियोजना से संबंधित अन्य तकनीकी एवं समन्वय कार्य करना।
2.	कार्य अवधि	1. नियमित कार्य अवधि CDGI, फिरोजाबाद में सप्ताह में 06 कार्य दिवस होगी। 2. सभी निगरानी स्टेशनों के साथ समन्वय एवं आवश्यक तकनीकी सहयोग CDGI द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं परियोजना की आवश्यकता के अनुसार करना होगा। 3. अवकाश के दिनों एवं विशेष निगरानी अवधि, विशेषकर दीपावली के अवसर पर, आवश्यकता के अनुसार

		सभी संबंधित निगरानी स्टेशनों के साथ समन्वय एवं निगरानी कार्य सुनिश्चित करना होगा।
2.	नियुक्ति की प्रकृति	नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी एवं परियोजना/कार्य-आधारित होगी।
3.	नियुक्ति की अवधि	नियुक्ति की अवधि परियोजना की स्वीकृत अवधि, आवश्यकता एवं संतोषजनक कार्य-निष्पादन के अधीन होगी।
4.	नियुक्ति/तैनाती की व्यवस्था	नियुक्ति/तैनाती स्वीकृत व्यवस्था के अनुसार, आवश्यकतानुसार मैनपावर सर्विस एजेंसी के माध्यम से की जाएगी।
5.	नियमित नियुक्ति का अधिकार	इस नियुक्ति से CDGI में नियमित नियुक्ति अथवा स्थायी समायोजन का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
6.	पारिश्रमिक	पारिश्रमिक संबंधित पद/श्रेणी के लिए लागू दरों तथा स्वीकृत नियमों एवं शर्तों के अनुसार देय होगा।

3. चयन प्रक्रिया एवं नियुक्ति

क्र. सं.	विषय	विवरण
1.	आवेदन पत्रों की छंटनी	प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रारंभिक छंटनी CDGI द्वारा निर्धारित पात्रता के आधार पर की जाएगी।
2.	चयन प्रक्रिया	पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं/अथवा व्यावहारिक/तकनीकी दक्षता परीक्षण हेतु आमंत्रित किया जा सकता है।
3.	चयन एवं अनुशंसा	चयन/अनुशंसा CDGI द्वारा गठित समिति की संस्तुति एवं सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अधीन होगी।
4.	औपचारिक नियुक्ति एवं तैनाती	जहाँ लागू हो, चयनित/अनुशंसित अभ्यर्थियों की औपचारिक नियुक्ति एवं तैनाती अधिकृत मैनपावर सर्विस एजेंसी के माध्यम से की जाएगी।

4. आवेदन प्रक्रिया

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन/बायोडाटा निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ अंतिम तिथि तक ई-मेल अथवा डाक द्वारा भेजें:

- अद्यतन बायोडाटा (CV/Resume)।
- शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी प्रमाण-पत्रों की प्रतियाँ।
- अनुभव प्रमाण-पत्र, यदि उपलब्ध हो।
- पहचान प्रमाण-पत्र एवं नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो।

ई-मेल: cdgifzbd@gmail.com

डाक द्वारा आवेदन का पता: प्रधान निदेशक, कांच उद्योग विकास केंद्र (CDGI), A-1/1, औद्योगिक क्षेत्र, जलेसर रोड, फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश – 283203.

5. सामान्य शर्तें

1. अपूर्ण आवेदन अथवा निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के समय मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे।
3. चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता (TA/DA) देय नहीं होगा।
4. CDGI को विज्ञापन/चयन प्रक्रिया में संशोधन, स्थगन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
5. गलत अथवा भ्रामक जानकारी दिए जाने पर अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है।
6. चयन प्रक्रिया के संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

प्रशासनिक अधिकारी (प्रभारी)
कृते प्रधान निदेशक
कांच उद्योग विकास केंद्र (CDGI)
फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश